भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2833

जिसका उत्तर दिनांक 20.12.2023 को दिया जाना है

पश्चिम बंगाल में परमाणु विद्युत केन्द्र

2833. श्री शिशिर कुमार अधिकारी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए हरिपुर, पश्चिम बंगाल में 10,000 मेगावाट के परमाणु विद्युत केन्द्र का प्रस्ताव किया था;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार की सागर क्षेत्र में परमाणु विद्युत संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव की समीक्षा करने की योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सहित प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) सरकार ने पश्चिम बंगाल के हरिपुर में प्रत्येक 1000 मेगावाट क्षमता (निम्न) के छह नाभिकीय विद्युत रिएक्टर स्थापित करने के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है।

(ख) गंगा सागर क्षेत्र में नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) व (घ) उपरोक्त 'ख' के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता।

* * * * *